प्रथम एनजीओ को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार (Indira Gandhi Peace Prize) 2021

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के क्षेत्र में काम करने वाली समाजसेवी संस्था 'प्रथम' को साल 2021 के इंदिरा गांधी शांति(Indira Gandhi Peace Prize), निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस संस्था की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुकमणि बनर्जी हैं, जिनके नेतृत्व में संगठन ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण शोध कार्य किए हैं।

- प्रथम (Pratham) एनजीओ को भारत में शिक्षा के दायरे का विस्तार करने के काम के लिए इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार (Indira Gandhi Peace Prize) 2021 से सम्मानित किया गया है।
- समाजसेवी संस्था 'प्रथम' को इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार 2021 सोनिया गांधी की मौजूदगी में पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी के द्वारा प्रदान किया गया है।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक बच्चे की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच हो, एक चौथाई सदी से भी अधिक समय से प्रथम एनजीओ का अग्रणी कार्य है।
- प्रथम एनजीओ द्वारा शिक्षा देने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता का इसका नियमित मूल्यांकन भी किया गया हैं। प्रथम एनजीओ एक नवीन शिक्षण संगठन है, जिसे भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए बनाया गया था।

BYJU'S EXAM PREP

इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार (Indira Gandhi Peace Prize) : प्रथम एनजीओ

- प्रथम एनजीओ की स्थापना वर्ष 1994 में मुंबई में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा देने के लिए की गई थी।
- प्रथम एनजीओ की सह-स्थापना 1995 में फरीदा लांबे और माधव चव्हाण द्वारा की गयी थी।
- प्रथम एनजीओ शिक्षा प्रणाली में कमियों को दूर करने के लिए उच्च गुणवत्ता, कम लागत और अनुकरणीय हस्तक्षेप पर केंद्रित है।
- वर्तमान में प्रथम एनजीओ की मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी रुक्मणि बनर्जी है।

इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार (Indira Gandhi Peace Prize)

- इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार एक वार्षिक प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जिसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर रखा गया है।
- इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार वर्ष 1968 से प्रत्येक वर्ष इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा प्रदान किया जाता है।

BYJU'S EXAM PREP

- इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार प्रत्येक वर्ष समाज सेवा ,निरस्त्रीकरण और विकास कार्यों में योगदान देने वाले व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है।
- इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र के साथ रु 25 लाख का मौद्रिक पुरस्कार शामिल है।

BYJU'S EXAM PREP